कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-26.06.2024

विषयः- 04 बण्डल मे कुल 20.50 किलोग्राम अवैध गांजा व 1190/- रुपये नगद के साथ 01 नफ़र अभियुक्त नरेन्द्र कुमार थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के मादक पदार्थों की अवैध बिक्री/परिवहन, अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान 01 नफ़र अभियुक्त 1. नरेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 दूधनाथ निवासी वार्ड न0 2 शास्त्री नगर थाना सैय्यद राजा जनपद चन्दौली को आज दिनांक-26.06.2024 को समय करीब 04.30 बजे सरदार पेट्रोल पम्प चुरामनपुर थाना लोहता कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 20.50 किलो अवैध गांजा व 1190/- रुपये नगद बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लोहता पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-0115/2024 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अभियुक्त से पूछताछ का विवरण- अभियुक्त नरेन्द्र कुमार ने पूछताछ करने पर बताया कि मेरे हाथ में जो झोला है उसमें पैक किया हुआ गांजा का पैकेट रखा हुआ है, जिसे मैं बेचने के लिए आगरा लेकर जा रहा था और अचानक आप लोगो को देखकर भाग रहा था कि आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया। मै पैसे कमाने के लिए अवैध गांजे की बिक्री करता हूँ, जिसके एवज मे मुझे अच्छा पैसा मिल जाता है और मै अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करता हूँ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

नरेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 दूधनाथ निवासी वार्ड न0 2 शास्त्री नगर थाना सैय्यद राजा जनपद चन्दौली, उम्र करीब 48 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक,स्थान व समय- दिनांक 26.06.2024 को समय करीब 04.30 बजे सरदार पेट्रोल पम्प चुरामनपुर थाना लोहता कमि0 वाराणसी से ।

बरामदगी का विवरण- कुल 20.50 किलो अवैध गांजा 04 बण्डल **(अनुमानित कीमत लगभग 246000/- रुपये)** व जामा तलाशी से कुल 1190/- रुपये नगद बरामद।

<u>गिरफ़्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-</u>

1. थाना प्रभारी सत्यप्रकाश यादव थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 विशाल सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 प्रशि0 रवि गोड़ थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 अजय राय थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 सत्य प्रकाश लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
6. हे0का0 प्रवीण कुमार सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।